चकिया स्टेशन (पूर्वोत्तर रेलवे) से बालिका उच्च विद्यालय तक अप्रोच रोड का निर्माण

5765. **श्री कमल मिश्र मधुकर** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर-पूर्व रेलवे में चकिया स्टेशन से पूर्व की ओर एक गर्ल्स हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल आधा फलांग की दूरी पर स्थित है;

(ख) क्या उक्त स्कूलों की लड़कियों को स्कूल जाने के लिए रेलवे लाइन के बगल से गुजरना पड़ता है और रेलवे विभाग ने लड़कियों के स्कूल जाने के लिए अभी तक अप्रोच रोड नहीं बनाई है;

(ग) क्या सरकार का विचार चकिया में बालिका उच्च विद्यालय तक अप्रोच रोड का निर्माण करने का है; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) से (घ) . एक गैर-रेलवे गर्ल्स हाई स्कूल और एक गैर-रेलवे गर्ल्स मिडिल स्कूल चकिया स्टेशन से पूरब रेलवे सीमा के बाहर गैर-सरकारी जमीन पर स्थित हैं । स्कूल तक पहुंच मार्ग की व्यवस्था करना रेलवे की जिम्मेवारी नहीं है ।

"भागीरथ" पत्रिका का प्रकाशन

5766. **श्री कमल मिश्र मधुकर** :
श्री ईश्वर चौधरी :

क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय की ओर से हिंदी में 'भागीरथ' पत्रिका प्रकाशित की जाती है;

(ख) क्या उक्त पत्रिका का प्रकाशन निश्चित समय पर और नियमित ढंग से नहीं किया जाता;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार का विचार इस पत्रिका का प्रकाशन भारत की सभी राष्ट्रीय भाषाओं मे करने का है और यदि हा, तो यह कार्य कब तक प्रारंभ होने की संभावना है?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बालगोविन्द वर्मा) : (क) से (ग).—अंग्रेजी त्रैमासिक 'भागीरथ' का हिन्दी रूपान्तर अक्तूबर, 1972 से प्रकाशित किया जा रहा है । प्रारंभिक कठिनाइयों के कारण, प्रथम दो प्रकाशनो मे कुछ विलम्ब हो गया है ।

(घ) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।